ई–मेल पत्र संख्याः 1/सी0–1031/2025–सा0प्र0–1728/

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

संजय कुमार, भा0प्र0से0,
सरकार के विशेष सचिव।

सेवामें,

भा0प्र0से0(बिहार संवर्ग)
के सभी पदाधिकारी।

पटना–15, दिनांक 22 जनवरी, 2026

विषयः– पंचाग वर्ष–2025(01.01.2025–31.12.2025) की **दिनांक 01.01.2026 की स्थिति पर आधारित** अचल संपत्ति विवरणी का दिनांक **31.01.2026 तक स्पैरो के माध्यम से** ऑन–लाईन समर्पण सुनिश्चित किये जाने के संबंध में।

प्रसंगः– सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1/सी0 –1031/2025 –सा.प्र.–22950 दिनांक 10.12.2025, पत्रांक–1229 दिनांक 16.01.2026 एवं कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली का पत्रांक–6(2)2025 –ईओ(पीआर) दिनांक 23.12.2025.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र दिनांक 10.12.2025 एवं दिनांक 23.12.2025 की छायाप्रतियां संलग्न करते हुए निदेशानुसार कहना है कि **दिनांक 01.01.2026 की स्थिति पर आधारित दिनांक 01.01.2025 से 31.12.2025 तक की** अचल संपत्ति विवरणी का **दिनांक 31.01.2026 तक** स्पैरो के माध्यम से ऑन–लाईन समर्पण अपेक्षित है। इस प्रक्रिया से समर्पित की जाने वाली विवरणी को डिजिटल हस्ताक्षर या ई–हस्ताक्षर द्वारा अधिप्रमाणित किया जाना है। इस संबंध में उत्पन्न किसी कठिनाई का निराकरण कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के ई–मेल, 'support-sparrow@nic.in' से प्राप्त किया जा सकता है।

2. **अतः अनुरोध है कि विषयाधीन विवरणी यदि समर्पित नहीं की गई हो, तब, उसे स्पैरो के माध्यम से दिनांक 31.01.2026 तक अवश्य समर्पित करते हुए अभिलेख के रूप में संधारण हेतु उसकी एक प्रति सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।**

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन

22/1/26

(संजय कुमार)

सरकार के विशेष सचिव।

कृ.पृ.ऊ.

2325\C:\Users\HP USER\Desktop\KK2024\Hindi Letter

ज्ञापांक–1/सी0–1031/2025–सा0प्र0–1728/पटना–15, दिनांक 22 जनवरी, 2026

प्रतिलिपिः–स्थानिक आयुक्त, बिहार भवन, कौटिल्य मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली–110 001/उप निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

22/1/26

सरकार के विशेष सचिव ।

ज्ञापांक–1/सी0–1031/2025–सा0प्र0–1728/पटना–15, दिनांक 22 जनवरी, 2026

प्रतिलिपिः–प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–06/आई0टी0 प्रबंधक, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2. **आई0टी0 प्रबंधक से अनुरोध है कि वह पत्र की प्रति विभागीय वेबसाईट पर अवश्य डाल देंगे तथा इसे सभी संबंधित पदाधिकारियों को उनके ई–मेल आई0डी0/एस0एम0एस0 पर अविलम्ब प्रेषित कर देंगे।**

22/1/26

सरकार के विशेष सचिव।